**न्यायालय सिविल जज (जू0डि0)/न्यायिक मजिस्ट्रेट, बिधूना, औरैया।**

**प्रकीर्ण प्रार्थना पत्र सं0–          /2026**
CNR No. UPAU1200
राज्य          बनाम          समीम।
धारा–207 एम0वी0 एक्ट
थाना–ऐरवाकटरा, जिला औरैया।

**दिनांक 06.06.2026**

आज प्रकीर्ण प्रार्थना पत्र पेश हुआ। पुकारा गया। पुकार पर प्रार्थी अनुपस्थित है। उसकी ओर से कोई अधिवक्ता भी उपस्थित नहीं आया है और न ही कोई स्थगन दिया गया है।

प्रार्थी/आवेदक समीम की ओर से प्रार्थना पत्र वास्ते वाहन संख्या यू0पी0 74 ए0ई0 2502 की आख्या मंगाया जाकर उसके हक में रिलीज किये जाने हेतु न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उक्त प्रार्थना पत्र पर न्यायालय द्वारा थाना हाजा से आख्या आहूत की गयी।

थाना हाजा की आख्यानुसार वाहन संख्या यू0पी0 74 ए0ई0 2502 दिनांक 05.05.2026 को रपट नम्बर 38 पर धारा 207 एम0वी0 एक्ट के अन्तर्गत दाखिल किया गया है, जो थाना परिसर में खड़ी है।

प्रकीर्ण प्रार्थना पत्र के अवलोकन से विदित होता है कि उपरोक्त प्रकरण में प्रार्थी लगातार अनुपस्थित है तथा उसकी ओर से कोई स्थगन प्रार्थना पत्र भी नहीं दिया गया है तथा दिनांक 30.05.2026 को अन्तिम अवसर दिया गया। ऐसा दर्शित होता है कि प्रार्थी को उपरोक्त प्रार्थना पत्र पर कोई रूचि नहीं है। अतः प्रार्थी/आवेदक की अनुपस्थिति में उक्त प्रार्थना पत्र खारिज किया जाता है। उक्त मामले में थाना हाजा से आख्या अन्तर्गत धारा 207 एम0वी0 एक्ट में प्रेषित की गयी है। अतः अभियुक्त समीम के विरूद्ध दाण्डिक वाद दर्ज रजिस्टर हो। कार्यालय अनुपालन करे।

**(कुशाग्र मिश्र)**
**सिविल जज (जू0डि0)/जे0एम0,**
**बिधूना, औरैया।**
**J.O. Code : UP 4693**

Digitally signed by KUSHAGRA MISHRA
Date: 2026.06.06 14:31:12 IST
Reason: Order
Location: CJJD/JM Outlying Court, Bidhuna